सार-समाचार

कृषि विज्ञान केन्द्र का दौरा किया

अन्ता (निसं)। कृषि विज्ञान केन्द्र अन्ता के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. डी.के. सिंह ने बताया कि नीति आयोग अतिरिक्त सचिव राजीव सिंह ठाकुर का भ्रमण किया। भ्रमण से पूर्व केन्द्र के समस्त कर्मचारियों के साथ मिलकर बैठक कर वार्तालाप किया, जिसमें केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रम जैसे प्रशिक्षण प्रदर्शन, प्रक्षेत्र अनुसंधान, तकनीकी ज्ञान आदि का अवलोकन कर विभिन्न विशेषज्ञों से विचार विमर्श कर उनके कार्यों का अवलोकन किया। बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र के अतिरिक्त एक नया कृषि विज्ञान केन्द्र खोलने का आश्वासन दिया तथा केन्द्र पर मधुमक्खी इकाई, मसाला प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने की बात कही। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. डी.के. सिंह ने नवाचार कार्यक्रम के अन्तर्गत लम्बी लौकी, बिना बीज के टमाटर उत्पादन तकनीक, आम की पत्ती की उपयोगिता वाले पेड, नर्सरी व ऊंची ऊठी क्यारी में सोयाबीन बीज उत्पादन तकनीक का भ्रमण किया। केन्द्र पर स्थापित फार्म तालाब का भी अवलोकन किया तथा प्रति इकाई क्षेत्रफल से अधिक से अधिक आमदनी प्राप्त करने की बात बताई। ठाकुर को केन्द्र द्वारा लौकी के बीज व राष्ट्रीय स्तर प्रकाशित पुस्तक भेट में दी। तथा कृषि विज्ञान केन्द्र जिले का एक कृषि आदर्श मॉडल स्थापित हुआ है।

श्रम अधिकारी लगाने की मांग की

छबड़ा (निसं)। राज्य सरकार की उदासीनता के चलते श्रमिक डायरी के पात्रों को मिलने वाला लाभ लंबे अर्से से नही मिल पा रहा है। विधायक ने मुख्यमंत्री से जिले में श्रम अधिकारी लगाने की मांग की है। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने बताया कि जिले मे श्रम अधिकारी नही होने के कारण श्रमिक कार्ड धारकों को लड़कियों की शादी में 55 हजार रुपए की सहायता, जमीनी पट्टा होने पर एक लाख पचास हजार की सहायता, दुर्घटना होने पर तीस हजार से पांच लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता, लड़के के जन्म पर बीस हजार रूपए व लडकी के जन्म पर इक्कीस हजार रूपए की सहायता राशि, कक्षा 6 से लेकर उच्च शिक्षा तक बच्चों को मिलने वाली छात्रवृत्ति जैसी विभिन्न योजनाओं से जिले के हजारो पात्र उक्त योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि से काफी समय से वंचित है। वही, नरेगा मजदूर अधिकारी नहीं होने के कारण श्रमिक कार्ड बनाने का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। अपने बच्चों की सुचारू शिक्षा दिलाने में छात्रवृत्ति के अभाव में श्रमिक कार्ड धारकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक सिंघवी ने जिले में स्थाई श्रम अधिकारी लगाने की मांग की, जिससे श्रमिक कार्ड धारकों को समय पर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके और श्रमिक एवं उनके परिवार, समाज की मुख्य धारा से जुड़े रहने में किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

साक्षात्कार दो व तीन को

झालावाड़, (निसं)। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत जिले की तहसील मनोहरथाना, अकलेरा एवं असनावर की ग्राम पंचायतो में उचित मूल्य की रिक्त दुकानों के आवंटन हेतु पात्र आवेदकों के साक्षात्कार 2 एवं 3 अगस्त को जिला रसद अधिकारी कार्यालय मिनी सचिवालय झालावाड कमरा नम्बर 314 में होंगे। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि असनावर व अकलेरा तहसील की रिक्त उचित मूल्य की दुकान बडोदिया, आनन्दा, जूनाखेडा एवं मिश्रोली-तृतीय, बांसखेडी लोढान-1 के लिए आवंटन सलाहकार समिति की बैठक 2 अगस्त को क्रमश: प्रात: 11 बजे व दोपहर 2 बजे तथा मनोहरथाना तहसील की रिक्त उचित मूल्य की दुकान मनोहरथाना 16-19, रवास्या-I, कामखेडा-II, समरोल-I के लिए बैठक 3 अगस्त को दोपहर 12 बजे आयोजित होगी। जिन आवेदकों द्वारा 22 जुलाई 2022 सांय 06 बजे तक कार्यालय जिला रसद अधिकारी, झालावाड में अपने आवेदन जमा करा दिये गये हैं। वे आवेदक मूल दस्तावेज के साथ तथा सम्बन्धित आवंटन सलाकार समिति के सदस्यगणों एवं सम्बन्धित पंचायत के सरपंच निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अन्यथा उनके नाम पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया

मांगरोल (निसं)। बारां जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का बहिष्कार सरपंच संघ बारां जिला अध्यक्ष लखन मीणा (सरपंच महुआ) के नेतृत्व में बधुवार को उपखण्ड कार्यालय पर पहुकर एसडीएम मांगरोल को ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम दिया। ज्ञापन में सरपंचों की विभित्र मांगों पर जैसै पंचायत में भुगतान प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाये। जनआधार ओटीपी प्रक्रिया बंद की जाये तथा महात्मा गांधी नरेगा सामग्री मद का बकाया भुगतान जो कि एक वर्ष से भी अधिक समयसे लम्बित है भुगतान करवाया जावें नागोंर जिले में मंत्री द्वारा झूठे आरोप लगाकर सरपंचों के स्वाभिमान को जो ठेस पंहुचाई गई है आदि मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने में जलोदा तजाजी सरपंच धनश्याम, सरपंच महलपुर नंदलाल मीणा, सरपंच चैनपुरिया धनश्याम मीणा, सरपंच मालबमोरी राकेश मेहरा, सरपंच उदपुरिया विक्रम चौधरी, सरपंच तिसाया राजेंद्र, सरपंच भटवाडा नरेंद्र मीणा, सरपंच बोहत बाबूला चंदेल आदि ने उपस्थित होकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया।

बिजली महोत्सव एवं उजाला दिवस समारोह

बारां, (निसं)। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में हर्षोल्लास से मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 25 जुलाई से "उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य-विद्युत / 2047 सप्ताह समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। समारोह के तहत 25 से 30 जुलाई तक बारां जिले सहित सम्पूर्ण भारत के 773 जिलों में बिजली महोत्सव और उजाला दिवस समारोह मनाया जाएगा। बारां जिले के जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता एनएन गरासिया ने बताया कि जयपुर डिस्कॉम, जिला प्रशासन एवं एनटीपीसी अंता के समन्वय से 28 जुलाई को केलवाड़ा में श्री अग्रसेन सार्वजनिक धर्मशाला व 29 जुलाई को मांगरोल के महात्मा ज्योतिबा फूले सामुदायिक भवन में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बैनर, पोस्टर, ऑडियो, विडियो विजुअल फिल्म, नुक्कड नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यमों से उर्जा के क्षेत्र में विभिन्न उपलब्धियों एवं योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

पेंशन निस्तारण समिति की बैठक आयोजित

बारां (निसं)। जिला स्तरीय पेंशन निस्तारण समिति की बैठक एडीएम सत्यनारायण आमेठा की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कोषाधिकारी धीरज कुमार सोनी ने विभिन्न विभागों के तहत लंबित पेंशन प्रकरणों के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए सेवानिवृत्त कार्मिकों को शीघ्र पेंशन लाभ हेतु सजगता से कार्य की बात कही। अतिरिक्त निदेशक पेंशन विभाग कोटा डॉ. पूर्वा अग्रवाल ने विभिन्न विभागों के पेंशन प्रकरणों की स्थिति के संबंध में जानकारी दी एवं कई कार्मिकों के पेंशन पीपीओ एवं पेंशनर्स के आईडी कार्ड प्रदान किए। इस मौके पर जिला पेंशनर समाज के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने कहा कि सेवानिवृत्त कार्मिक की पेंशन प्रक्रिया लंबित होने पर प्रोविजनल पेंशन प्रदान कर राहत दी जानी चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

दो जनों ने आत्महत्या की

मांगरोल (निसं)। मांगरोल थाना क्षेत्र में दो युवकों ने अपने-अपने घरों पर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त करली। राकेश बैरवा जेतलहैडी व शिवप्रकाश गुर्जर सौरती बावड़ी मांगरोल यह दोनो युवक अपने घरों पर रस्सी के फन्धों पर झूलते मिले परिजनों ने फांसी के फंदे से उतारकर राजकीय चिकित्सालय मांगरोल लाया गया जहां चिकित्साकों ने जांच के कर मृत घोषित कर दिया। बाद दोनों का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिये। डॉ. शकील ने बताया कि मृतक राकेश पुत्र रामपाल बैरवा निवासी जैतलहेडी (30) तथा शिवप्रकाश पुत्र रामराज गुर्जर (25) निवासी सोरती बावडी मांगरोल है। मुकदमा थाने दर्ज करा दिया है लेकिन फांसी आत्महत्या के कारणों पता नहीं चला।

'उज्ज्वल भारत, उज्ज्वल भविष्य पॉवर 2047' बिजली महोत्सव का शुभारंभ

■ बिजली देश की वृद्धि और विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है : जिला प्रमुख प्रेम बाई

झालावाड़, (निसं)। आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 25 से 30 जुलाई, 2022 तक "उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य पॉवर 2047" बिजली महोत्सव का बुधवार को मेडिकल कॉलेज लेक्चर थियेटर-03 में जिला प्रमुख प्रेम बाई दांगी, विधायक नरेन्द्र नागर, गोविंद रानीपुरिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर राधेश्याम डेलू द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभांरभ किया गया।

मुख्य अतिथि जिला प्रमुख ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा वर्तमान में प्रत्येक गांव-ढाणी में रहने वाले गरीब व्यक्तियों तक बिजली की ज्योति पहुचाई गई है। उन्होंने केन्द्र सरकार की सौभाग्य योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति आदि योजनाओं को गरीबो के लिए कल्याणकारी बताया। उन्होंने कहा कि बिजली देश की वृद्धि और विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र मनोहरथाना के विधायक गोविन्द रानीपुरिया ने कहा कि यह पहला अवसर है। जब आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले भारत में बिजली की स्थिती चिन्ताजनक थी। लेकिन आज भारत में ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक योजना बनाकर बिजली पहुचाई जा रही है।

विधानसभा क्षेत्र खानपुर के विधायक नरेन्द्र नागर ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र सरकार की दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना एवं राज्य सरकार की क्रियान्विती से लोगों का हर घर बिजली का वर्षों पुराना सपना पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम सभी बिजली पर निर्भर हो गए है। आने वाले समय में बिजली की कोई समस्या नहीं रहे इसके भी प्रयास होने चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय संस्थाओं की ओर से बिजली उत्पादन, वितरण, नवीनीकरण ऊर्जा पर आधारित फिल्में प्रस्तुत की गई। वहीं कार्यक्रम के दौरान मयूर लोक कला मण्डल के कलाकारों एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय झालावाड की छात्राओं द्वारा नुक्कड नाटक एवं लोक नृत्य के माध्यम से उपभोक्ता अधिकारों, उर्जा संवर्धन, ग्रामीण विद्युतीकरण इत्यादि पर प्रस्तुतीकरण किया गया।

समारोह में एनटीपीसी लिमिटेड अन्ता के एजीएम अतुल गुप्ता ने भारत सरकार से प्राप्त आजादी का अमृत महोत्सव के संदेश को पढ़कर सुनाया। जेवीवीएनएल वृत्त झालावाड के अधीक्षण अभियंता एस. के. अग्रवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं सभी के सहयोग से प्रदेश एवं जिले को बिजली के क्षेत्र में आगे बढाने की बात कही।

समारोह में उपजिला प्रमुख बैनाथ मीना, पंचायत समिति झालरापाटन की प्रधान भावना झाला, पंचायत समिति सुनेल की प्रधान सीता कुमारी भील, पंचायत समिति खानपुर की प्रधान शीला शर्मा, पंचायत समिति बकानी के प्रधान मोतीलाल ऐरवाल, एनटीपीसी अन्ता के मुख्य महा प्रबंधक एम के सिंह, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता चन्द्र प्रकाश गुप्ता, राजेन्द्र उपाध्याय, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा विद्युत विभाग की योजना के लाभार्थी भी उपस्थित रहे।

सोयाबीन फसल का निरीक्षण किया

बारां, (निसं)। जिले के अटरू पंचायत समिति क्षेत्र में कृषि विभाग के उप निदेशक कृषि (विस्तार) अतीश कुमार शर्मा, परियोजना निदेशक आत्मा डॉ. सतीश कुमार शर्मा एवं उप परियोजना निदेशक आत्मा धनराज मीना द्वारा सोयाबीन फसल का निरीक्षण किया गया।

क्षेत्र में सोयाबीन फसल लगभग 35-40 दिन की हो गई है। किसानों द्वारा खरपतवारनाशी का छिडकाव किया जा चुका है जिससे खेतों में खरपतवार की समस्या अब नहीं रही है। परन्तु इल्ली (हरे सेमी लूपर) का प्रकोप कुछ मात्रा में दिखाई दिया है।

यह सेमी लूपर इल्ली पत्तियों को शिराओं के बीच खाकर पौधे को प्रकाश संश्लेषण के लिए अप्रभावी बनाती है। इस कीट का प्रकोप सोयाबीन फसल के फूल बनने से पहले तक रहता है। इसकी रोकथाम मित्र कीटो द्वारा की जा सकती है।

18 से 59 वर्ष वालों को बूस्टर डोज नि:शुल्क लगाई जा रही है

झालावाड़ (निसं)। चिकित्सा विभाग झालावाड द्वारा 18 से 59 वर्ष के नागरिको को कोविड-19 टीके की बूस्टर डोज लगाने के लिये वैक्सीनेशन सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही अब दूसरी व बूस्टर डोज में 9 के स्थान पर 6 माह होने पर लगाई जा रही है।

जिले के स्वास्थ्य भवन एएनएम टीसी, शहरी झालावाड, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खण्डिया व धनवाडा, सेटेलाईट चिकित्सालय झालरापाटन, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर वैक्सीनेशन किया जावेगा। जिले में 62 चिकित्सा संस्थानों पर वैक्सीनेशन की सेशन साईट बनाई गई है।

आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत कोविड-19 से बचाव हेतु दी जाने वाली वैक्सीन की पहली, दुसरी व प्रीकॉशन डोज कुल मिलाकर 12553 लगाई गई है। जिन भी आमजन की कोविड वैक्सीन की डोज ड्यू है वे समय पर अपनी डोज आवश्यक रुप से लगवाये।

चिकित्सा विभाग द्वारा कोविड-19 से बचाव हेतु लगाई जाने वाली वैक्सीन पूर्ण रुप से नि:शुल्क लगाई जा रही है। जिस हेतु काई भी ऑनलाईन पंजियन नही करवाया जा रहा है व्यक्ति सीधे ही वैक्यीनेशन सेन्टर पर जाकर अपने आधार कार्ड के माध्यम से अपनी ड्यू डोज लगवा सकते है। किसी के भी बहकावे में आकर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नही करवाये। कोविड वैक्सीन आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बिल्कुल नि:शुल्क लगाई जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि जिले में वर्तमान में कोविशिल्ड की 33280, को-वैक्सीन की 27580 एवं कोर्बोवेक्स की 50140 डोज उपलब्ध है कुल 1 लाख 11 हजार डोज उपलब्ध है। सरकार द्वारा जारी नवीन गाईड लाईन के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 15 जुलाई से 75 दिनों तक 18 से 59 वर्ष की आयु वर्ग के सभी नागरिको के जिनको बूस्टर डोज लगना है राजकीय चिकित्सा संस्थानों पर जाए।

प्लेसमेन्ट शिविर में 196 युवाओं का चयन हुआ

बारां, (निसं)। जिला रोजगार कार्यालय मॉडल करियर सेन्टर बारां द्वारा नेशनल करियर सर्विस योजनान्तर्गत बेरोजगार युवाओं के लिए प्लेसमेन्ट ड्राईव शिविर का आयोजन जिला परिषद सभागार में किया गया।

जिला रोजगार अधिकारी हरिशंकर नुवाद ने बताया कि इस शिविर में कुल 284 युवाओं ने पहुंचकर शिविर में अपना पंजीकरण कराकर साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लिया जिसमें नवभारत फर्टीलाजर्स कम्पनी, जयपुर द्वारा फील्ड ऑफिसर पद हेतु 70 युवाओं का तथा एल एण्ड टी कॅस्ट्रक्शन द्वारा कंस्ट्रक्शन टेक्निशियन पद हेतु 126 युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया। इस प्रकार शिविर में कुल 284 में से 196 युवाओं का प्राथमिक चयन हुआ। प्राथमिक चयनित युवाओं को नवभारत फर्टीलाजर्स कम्पनी, जयपुर द्वारा 1 अगस्त 2022 को उनके जयपुर स्थित कार्यालय में ज्वाईनिंग एवं ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया है तथा एल एण्ड टी कंस्ट्रक्शन द्वारा 8 अगस्त 2022 को उनके अहमदाबाद स्थित ट्रेनिंग सेन्टर में ज्वाईनिंग एवं ट्रेनिंग हेतु बुलाया गया है।

जिला रोजगार अधिकारी नुवाद ने समस्त उपस्थित युवाओं को जिलें में शुरू हुई नेशनल करियर सर्विस योजना एवं मॉडल करियर सेन्टर की जानकारी प्रदान करते हुए युवाओं को रोजगार से जोडने में सहायक महत्वपूर्ण जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। सभी उपस्थित युवाओं का मॉडल करियर सेन्टर के यंग प्रोफेशनल अभिषेक सिंघई द्वारा करियर मार्गदर्शन प्रदान कर एनसीएस पोर्टल के प्रयोग से नौकरियों में आवेदन की जानकारी प्रदान की गई एवं देवेन्द्र कुमार मीणा द्वारा समस्त आवेदकों का नेशनल करियर सर्विस पॉटल ...पर पंजीयन कराते हुए जिला रोजगार कार्यालय में संचालित मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना-2021 की जानकारी प्रदान की गई।

जिला रोजगार अधिकारी द्वारा सभी नियोजक कम्पनियों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला रोजगार कार्यालय से अविनाश कुमार, जसवंत सिंह एवं चरण लाल बैरवा द्वारा व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण सहभागिता दी गई।

लगातार बारिश से जलस्तर बढ़ा

छबड़ा, (निसं)। क्षेत्र में इन दिनों इंद्रदेव मेहरबान हैं, जिसके चलते यहां के बांध लबालब भर गए हैं। वही, क्षेत्र के दो बांधों में भी चादर चल गई हैं। वर्शा से यहां के किसानों द्वारा बुवाई की गई सोयाबीन, मक्का की फसलो में बंपर पैदावार होने की संभावना हैं। जल संसाधन विभाग के अधिषाशी अभियंता राजीव विजय ने बताया कि क्षेत्र मे रूक-रूक कर हो रही वर्शा से हैंडपंपो व नलकूपो में जल स्तर बढ़ गया हैं। वहीं, अटरू क्षेत्र के षेरगढ़ मे स्थित बांध पर भी चादर चल रही हैं। इसकी 670 एमसीएफटी की पानी भराव की क्षमता हैं। इसमें से 235 एमसीएफटी पानी क्षेत्र के किसानो की फसलों मे नहरो के माध्यम से दिया जाएगा तथा 200 एमसीएफटी पानी पेयजल के लिए हैं। क्षेत्र के फलिया बांध में 57 एमसीएफटी पानी भराव क्षमता हैं। वर्तमान में इस बांध में 53 एमसीएफटी पानी भर चुका हैं। इसका पूरा पानी नहरो मे छोड़ा जाएगा। इसी क्रम में, हिंगलोट बांध में 571 एमसीएफटी पानी की क्षमता हैं। इसका पानी छबड़ा सुपर थर्मल पॉवर प्लांट को ऊर्जा उत्पादन के लिए हैं। इस बांध में वर्तमान में 25 सेंटीमीटर की चादर चल रही हैं। छीपाबड़ौद तहसील क्षेत्र के 1087 एमसीएफटी पानी भराव क्षमता वाला ल्हासी बांध में 661 एमसीएफटी पानी भर गया है।

तीन दिवसीय उर्स का समापन हुआ

झालावाड़ (निसं)। हजरत रोशन अली काले शाह बाबा रहमतुल्लाह अलेह के आस्ताने आलिया पर कव्वाली पर झूमे जायरीन उर्स कमेटी के प्रवक्ता आसिफ शेरवानी ने बताया कि बाद नमाज ईशा हिन्दुस्तान के मशहूर कव्वाल अमजद कादरी कलियर वालों ने "सरकार के गुलामों की दुनिया गुलाम है" तथा असलम कादरी बिजनोर वालों ने "ऐसे नाना मेरे हुसैन का है। मुकर्रम वारसी उज्जैन वालों ने मिठ्ठे महावली का जलवा कव्वाली पर जायरीन झूमने लगे।

लेखाधिकारियों ने पौधारोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया

कोटा, (निसं)। कोषालय कार्यालय परिसर में कोषाधिकारी डॉ. लोकेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कावेन्द्र सिंह सागर के नेतृत्व में बुधवार को साफ-सफाई एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें परिसर के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर कचरा हटाकर पौधारोपण किया गया।

कोषाधिकारी डॉ. लोकेन्द्र सिंह ने बताया कि कार्यालयों में वर्षा के समय आसपास फैले कचरे के कारण बिमारियों के फैलने का अंदेशा रहता है। उन्होंने बताया कि कार्यालय परिसर में नागरिक राजकीय कार्य के कारण आते रहते हैं साथ ही कार्मिकों में भी साफ-सफाई के प्रति अच्छा संदेश जाये इसके लिए अभियान के रूप में कार्य शुरू किया है।

कोषालय कार्यालय परिसर में कोषाधिकारी डॉ. लोकेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कावेन्द्र सिंह सागर के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौरभ तिवाड़ी, अतिरिक्त कोषाधिकारी रमेश विजय, आशीष शर्मा, टीकमचन्द जैन, दिनेश विजय, दिनेश शर्मा, लोकेश मीणा, सहायक लेखाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी, ललित संगतानी, देवेन्द्र सिंह चौहान, धर्मा मेहरा, प्रगति शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, बन्टू शर्मा, कुलदीप नागर सहित सभी अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सम्पूर्ण परिसर में नीम, पीपल, अशोक, गुड़हल, शीशम, आंवला एवं आम के कई पौधे लगाये गये। लेखाधिकारियों ने स्वयं गड्ढे खोदने के साथ पौधों की छटाई एवं पौधे लागाने की शुरूआत की और पौधों की सार-सम्भाल की जिम्मेदारी ली।

सफाई अभियान में परिसर में जमा कचरे को हटाया गया जिसमें कार्यालय के अनुपयोगी सामान के अलावा पत्थर एवं प्लास्टिक आदि का जमा पुराना कचरा शामिल रहा। कोषाधिकारी ने उपस्थित सभी लेखाधिकारियों से आव्हान किया कि वे बरसात के मौसम में अपने-अपने आवासीय परिसर में भी अधिक से अधिक पौधारोपण करें।

सार-समाचार

स्नेह मिलन समारोह आयोजित

छबड़ा (निसं)। क्षेत्र के निपानिया गांव स्थित कटारमल मंदिर परिसर में विधायक प्रतापसिंह सिंघवी के मुख्य आतिथ्य में विभिन्न प्रकार के फलदार व छायादार पौधे लगाए। इस अवसर प्रदेश प्रतिनिधि हिम्मतसिंह सिंघवी, प्रधान हरिओम नागर सहित जिला परिशद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंचगण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। देहात मंडल अध्यक्ष अशोक गौड ने बताया कि यहां जामुन, नीम, पीपल आदि पौधे लगाए तथा यहां आयोजित हुए स्नेहमिलन समारोह में विधायक सिंघवी ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ समस्याओं पर वार्ता की। बारिश के दौरान आ रही पुलियाओं एवं स्कुल भवनों के क्षतिग्रस्त होने की समस्या को गंभीरता से लिया एवं मौके पर संबंधित अधिकारियों से वार्ता की। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य फूलसिंह मीणा, पंचायत समिति सदस्य प्रिंयका मेहता, अनिता गौड, चमेलीबाई मालव, बनवारी मीणा एवं सरपंच कमल गुर्जर, राजेंद्र खारोल, शिवनारायण लोधा, नंदकिशोर गाडरी, सरपंच प्रतिनिधि राहुल शर्मा, हिम्मतसिंह लोधा, गजेंद्र कुमावत, अमरपालसिंह, सुरेंद्र वर्मा, मानसिंह मीणा, धन्नालाल नागर, श्रवण लोधा, लक्ष्मण मीणा एवं बापचा मंडल अध्यक्ष उदयसिंह लोधा, नगर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गेरा, निरंजन शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष भंवरलाल वर्मा, विमल जैन, हरिओम गौड आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मिड-डे मील कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

झालावाड, (निसं)। जिला स्तरीय मिड-डे-मील कार्यक्रम की समीक्षा बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर राधेश्याम डेलू की अध्यक्षता में बुधवार को मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु अतिरिक्त आवंटित खाद्यान्न एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम, द्वितीय त्रैमास में उठाव एवं विद्यालयों में परिवहन कर्ता द्वारा वितरित किए गए खाद्यान्न का विवरण, मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना, राजकीय विद्यालयों में लगे कुक हेल्परों के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत कर ई-श्रम कार्ड बनवाने, केन्द्र सरकार द्वारा विद्यालयों में एमडीएम की मॉनिटरिंग एसएमएस के माध्यम की जाने हेतु ऑटोमेटिड मॉनोटरिंग सिस्टम प्रोजेक्ट पर मासिक एवं प्रतिदिन एसएमएस की समीक्षा, टीआरजी एमडीएम पोर्टल पर फिडिंग की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कारगिल विजय दिवस मनाया

रामगंजमंडी (निसं)। शहर के श्री हिराभाई पारीख राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक में बुधवार को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में कार्यरत शीश राम सैनिक वरिष्ठ अध्यापक जो भूतपूर्व सैनिक हैं एवं उन्होंने स्वयं ने कारगिल युद्ध में 60 दिन देश की रक्षा के लिए भाग लिया।सभा मे माल्यार्पण कर विद्यालय की ओर से सैनी को प्रार्थना सभा मे माल्यार्पण कर सम्मानित किया एवं सैनी ने बालिकाओं को युद्ध काल की स्थिति का सम्पूर्ण ज्ञान दिया बालिकाएँ वार्ता के दौरान बहुत उत्साहित नजर आ रही थी।कार्यक्रम का संचालन मुरली मनोहर शर्मा व्याख्या एवं बीना सोनी व्याख्याता ने किया। इस मौके पर समस्त स्टाफ व प्रधानाचार्या रामभरोस मीणा ने ऐसे अद्भूत प्रतिभा के धनी सैनी को शुभकामनाएं दी और कहा कि आप से ही हमारा भविष्य सुरक्षित है और आप देश सेवा के साथ शिक्षा में भी अपना बखूबी दायित्व निभा रहे हैं।

श्रीगणेश एवं रिद्धि-सिद्धि की झांकी सजाई

छबड़ा (निसं)। नागेश्वर पहाडी पर चल रही शिवपुराण कथा में बुधवार को प्रत्येक पर्व एवं त्यौहार को सौहार्द पूर्ण मनाने की प्रेरणा दी गई। गुरूवार को कथा की पूर्णाहुति होने के साथ ही हवन शांति के उपरांत प्रसादी वितरित की जाएगी। पंडित रमेश भार्गव ने बताया कि पर्वों पर हमें द्वेष छल, कपट, क्रोध आदि को दूर करके एक नये सन्मार्ग को अपनाना चाहिए। भगवान विष्णु एवं ब्रह्माजी द्वारा शिवलिंग की पूजा कर महाशिवरात्री त्यौहार प्रारंभ किया, जिसके माध्यम से प्रत्येक प्राणी विकारो दूर करके अपने अंतकरण को पवित्र कर सकता है। पं. भार्गव ने बताया कि श्रावण माह का अर्थ ही संस्कृति, संस्कार पूर्ण विचारो को श्रवण मनन करना है। यदि हमारे समाज मे वृद्धजनों से, विद्वानों से एवं अपने माता-पिता के उच्च विचारों पर हम चले तो हमारे जीवन को एक सुंदर चेतना मिलती रहेगी और हम अपनों का कल्याण करते हुए महान राष्ट्रभक्त बन सकते है। कथा के अंत मे भगवान श्रीगणेश एवं रिद्धि-सिद्धि की झांकी सजाई गई, जिसे देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

गांव चांचौड़ा में पुलिया बनवाने की मांग

छबड़ा (निसं)। क्षेत्र के देहरी, चांचौडा, बिंदराडी गांव के ग्रामीणों ने विधायक प्रतापसिंह सिंघवी को ज्ञापन कर गांव चांचौडा में पुलिया बनवाने की मांग की हैं। अजय मालव, अक्षय वैशणव, गजानंद गाडरी, शिवराज, सीताराम, विजय वैश्णव, श्रीलाल मालव, महावीर, कृष्णमुरारी, नवल किशोर, दिनेश, जमनालाल आदि ने बताया कि चांचौडा गांव में रेलवे पुलिया के पास डामर रोड पर रपट पुलिया बनीं हुई हैं। यह पुलिया क्षतिग्रस्त होने से बारिश का पानी पुलिया पर आ जाने से आवागमन अवरूद्ध हो जाता है तथा विद्यार्थियों को विद्यालय व ग्रामीणों को उपखंड मुख्यालय तक आने-जाने में काफी परेशानी हो रही हैं। रपट पुलिया पर पानी आने से देहरी, चांचौडा, बिंदराडी गांव के ग्रामीणों का मार्ग अवरूद्ध हो जाता है। ग्रामीणों ने विधायक से शीघ्र ही समाधान किए जाने की मांग की।

क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों की मरम्मत की मांग

छबड़ा (निसं)। पंचायत समिति प्रधान ने बुधवार को जिला कलैक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक को पत्र लिखकर क्षतिग्रस्त स्कूल भवनो की मरम्मत करवाने की मांग की। प्रधान हरिओम नागर ने बताया कि बारिश के समय क्षतिग्रस्त भवनों में छात्रों की पढ़ाई सुचारु संभव नही हैं और उनकी शिक्षा पर भी प्रभाव पड रहा हैं। उन्होने पत्र के साथ क्षतिग्रस्त भवनों की सूची भेजकर जल्द ही समाधान किए जाने की मांग की ताकि नौनिहालों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

शिविर 29 व 30 जुलाई को

बारां, (निसं)। प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत नगर परिषद बारां द्वारा वार्ड नंबर 9 व 10 के लिए 29 व 30 जुलाई 2022 को सामुदायिक भवन दुर्जनपुरा में प्रात: 10 बजे से शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आमजन की विभिन्न समस्याओं का समाधान कर राहत प्रदान की जाएगी। उक्त जानकारी आयुक्त नगर परिषद बारां ने दी।

विशाक्त के सेवन से युवक अचेत

छबड़ा (निसं)। खानपुरिया निवासी एक युवक विशाक्त पदार्थ के सेवन से अचेत हो गया, जिसे उपचार के लिए बारां रैफर कर दिया हैं। चिकित्सा सूत्रो के अनुसार भीमसिंह लोधा (25) निवासी खानपुरिया ने विशाक्त पदार्थ का सेवन कर दिया। उपचार के लिए उसे छबडा सीएचसी में लाया गया, यहां से उसकी हालात गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया।

ईकेवाईसी करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

छबड़ा (निसं)। तहसीलदार हरिमोहन त्यागी ने क्षेत्र के सभी कृषकों से अपील करते हुए कहा कि पीएम सम्मान निधि योजना अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण के पात्र लाभार्थियों को ईकेवाईसी करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई हैं, इससे पूर्व ही ईकेवाईसी करवा ले। ताकि योजना के लाभ से वंचित नही रहना पड़े।

आर्य आयोजन समिति के अध्यक्ष बने

छबड़ा (निसं)। कस्बे के बाहरी दरवाजा स्थित श्री सिद्धि विनायक मंदिर पर बुधवार को आयोजित हुई बैठक में सर्वसम्मति से प्रकाशवीर आर्य को अनंत चतुर्दर्शी आयोजन समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं, समिति का गठन किया गया जिसमें पालिकाध्यक्ष कैलाशचंद जैन, भाजपा नगर महामंत्री हरिओम गौड, दीपक वर्मा, दिनेश पांचाल, हरि क्रांतिकारी आदि शामिल हैं।